संदर्भ सामग्री



बच्चों के अधिकार

पर

दृष्टि विकास

प्रशासन अकादमी भोपाल, यूनिसेफ मध्यप्रदेश एवं समर्थन भोपाल का संयुक्त प्रयास

विषय सूची

1 उद्देश्य–परिवार, समाज संस्थाओं में बच्चों के साथ किए जाने वाले विभिन्न व्यवहार से प्रतिभागियों को स्मरण कराना एवं सार्वभौमिक मानवाधिकार के दायरे में उन व्यवहारों का आलोचनात्मक विश्लेषण कर बच्चो के साथ किए जा रहे प्रतिकूल़ व्यवहारों से बच्चे की मनःस्थिति पर होने वाले प्रभाव और समाज में बच्चों के विभिन्न स्वरूप से प्रतिभागियों को परिचित कराना। 3

1.1 कौन है बच्चे 3

1.2 बच्चों और वयस्को में अंतर 3

2 उद्देश्य–बच्चों की देखभाल, विकास, सुरक्षा एवं सहभागिता के अधिकार संबधित अंतर्राष्ट्रीय मानक, प्रमुख संवैधानिक व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना तथा देश व प्रदेश में बच्चों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए व्यक्तिगत व संस्थागत कर्तव्यधारकों द्वारा बच्चों के अधिकारों की उपेक्षा व सरकार की प्रतिबद्धताओं (कानूनी) पर प्रतिभागियों को संवेदनशील बनाना। 4

2.1 बच्चे और भारतीय संविधान 4

2.2 बच्चों के संबंध में सरकार की नीति 5

2.3 संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौता 1989 8

2.3.1 *जीने का अधिकार* 9

2.3.2 *विकास का अधिकार* 9

2.3.3 *सुरक्षा का अधिकार* 10

2.3.4 *सहभागिता का अधिकार* 10

2.4 बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा संबधित प्रचलित कानून 10

संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौते का सार 10

2.5 बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जिम्मेवार संस्थांए व विभाग 17

3 उद्देश्य–कार्यपालिका के जिम्मेवार प्रतिनिधि एवं कर्तव्यधारक के रूप में बच्चों के प्रति उनकी तात्कालिक भूमिका को रेखांकित कर, बच्चों के सर्वोत्तम हित में उपलब्ध, कानूनी प्रावधानों और व्यवस्थाओं को उपयोग करने हेतु अभिप्रेरित करना। 19

3.1 *सामाजिक हकीकत* 19

3.2 बाल हित में हमारी भूमिका 20

3.3 विशिष्ठ भूमिका 20

3.4 बच्चों के हित में क्या किया जाना आवश्यक है 22

5 महत्वपूर्ण दूरभाष व पते 22

1 उद्देश्य–परिवार, समाज संस्थाओं में बच्चों के साथ किए जाने वाले विभिन्न व्यवहार से प्रतिभागियों को स्मरण कराना एवं सार्वभौमिक मानवाधिकार के दायरे में उन व्यवहारों का आलोचनात्मक विश्लेषण कर बच्चो के साथ किए जा रहे प्रतिकूल **व्यवहारों से** बच्चे की मनःस्थिति पर होने वाले प्रभाव और समाज में बच्चों के विभिन्न स्वरूप से प्रतिभागियों को परिचित कराना।

1.1 कौन है बच्चे

बच्चों के अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जो समझौता 20 नवम्बर 1989 को पारित किया था, उसे भारत ने 11 दिसम्बर 1992 को स्वीकृत किया है। इस समझौते में 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को बच्चा माना गया है। **मतदान का अधिकार अथवा वयस्य होने की** उम्र से कम उम्र वाले सभी व्यक्ति बच्चे है। इस तर्क के आधार पर 18 वर्ष से कम आयु के सभी व्यक्तियों को बच्चा माना जाना चाहिए। हमारे देश में 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर, देश के नागरिकों को, अपने कानूनी अधिकारों का उपयोग करने की पात्रता मिल जाती है।

1.2 बच्चों और वयस्को में अंतर

शारीरिक व मानसिक तौर पर अपरिपक्व होने के कारण, बच्चे को सुरक्षा के विशेष उपायों और देखभाल की आवश्यकता है; इसमें जन्म पूर्व व बाद में समुचित कानूनी संरक्षण शामिल हैं। वयस्क लोग अपने हकों को हासिल करने में स्वयं पहलकदमी कर सकते है जबकि बच्चे दूसरों पर निर्भर हैं इसलिए सरकार व सभी प्रौढ का दायित्व है कि वे बच्चों के सर्वोत्त हितों को ध्यान देते हुए बच्चों के अधिकारों का संरक्षण करे।

शहरों में बाजार, बस स्टेंड, रेल्वे स्टेशन, रेल, बस, मंदिर, विभिन्न दुकान में बच्चे कई स्वरूपों में दिखते हैं। गांव में पशुओं को हांकते जैसे–

- स्ट्रीट चिल्ड्रन,
- घर से भागे बच्चे,
- शाला न जाने वाले बच्चे,
- लच्छी की भांति बालश्रमिक बच्चे,
- घरेलू हिंसा से प्रभावित बच्चे,
- भीख मांगने वाले,
- विधि विवादित बच्चे,
- अनाथ बच्चे,
- यौन शोषण से प्रभावित बच्चे,
- कुपोषण प्रभावित बच्चे,
- विकलांग बच्चे,
- एड्स प्रभावित बच्चे

2 उद्देश्य—बच्चों की देखभाल, विकास, सुरक्षा एवं सहभागिता के अधिकार संबधित अंतर्राष्ट्रीय मानक, प्रमुख संवैधानिक व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना तथा देश व प्रदेश में बच्चों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए व्यक्तिगत व संस्थागत कर्तव्यधारकों द्वारा बच्चों के अधिकारों की उपेक्षा व सरकार की प्रतिबद्धताओं (कानूनी) पर प्रतिभागियों को संवेदनशील बनाना।

2.1 बच्चे और भारतीय संविधान

भारत का संविधान बच्चों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करता है। संविधान के भाग–3 में मौलिक अधिकार एवं भाग–4 में राज्य के नीति निदेशक तत्वों के अंर्तगत अनेक अनुच्छेदों में राज्य पर प्राथमिक जिम्मेवारी सौंपी गई है कि वह बच्चों की सभी जरूरतों को पूरा करे और उनके मानवाधिकारों का संरक्षण करे। संविधान के प्रमुख अनुच्छेद जिनमें बच्चों को विभिन्न अधिकार प्रदान करते हैं–

अनुच्छेद – 14 : विधि के समक्ष समता
भारतीय संविधान मे **''समानता ''** को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। यह समानता प्रौढ़ तथा बच्चों दोनों पर लागू होती है। अनुच्छेद 14 में कानून की नजरों में सभी समान है तथा कानून सभी को सुरक्षा प्रदान करेगा।

अनुच्छेद – 15 : धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध
इस अनुच्छेद के अनुसार किसी भी नागरिक के साथ धर्म, जाति, प्रजाति, लिंग या जन्म स्थान इत्यादि के मुददे पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है।

अनुच्छेद –15(3) राज्य को स्त्रियों व बालकों के लिए कोई विशेष उपबंध करने से निवारित नहीं करना
यह अनुच्छेद बच्चों और स्त्रियों के लिए विशेष दृष्टिकोण रखता है, यह राज्य के कानून को शक्ति प्रदान करता है कि वे **बच्चों तथा स्त्रियों की सामाजिक सुरक्षा** पर विशेष ध्यान दे।

अनुच्छेद – 17 : अस्पृश्यता का अंत
यह अनुच्छेद छुआछूत के किसी भी रूप को समाप्त करने पर बल देता है, छुआछूत करने वालों को सजा देता हैं तथा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के बच्चों को समानता के दृष्टिकोण से देखता है।

अनुच्छेद – 21 (क) शिक्षा का अधिकार
राज्य द्वारा छः से चौदह वर्ष के समस्त बच्चों को उस प्रकार विहित रीति से जैसा विधि द्वारा निर्धारित किया जाए, निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान की जायेगी।

अनुच्छेद – 23 : मानव के दुर्व्यापार और बलात् श्रम का प्रतिषेध
किसी भी बच्चे को बलपूर्वक श्रम मे लगाने, बेगारी तथा दुर्व्यापार करने की मनाही है, यदि ऐसा किया जायेगा तो यह दंडनीय अपराध होगा।

अनुच्छेद – 24 : कारखानों आदि में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध
यह अनुच्छेद छोटे बच्चों को कारखानों में कार्य करने से निषेद्य करता है। इसके अनुसार 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे से फैक्ट्री या माइन्स में कार्य नही करवाया जा सकता है। साथ ही यह अनुच्छेद बच्चों के स्वास्थ्य तथा शक्ति की भी रक्षा करता है।

अनुच्छेद – 39 : बच्चों के विकास के अवसर

यह अनुच्छेद **बच्चों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा की रक्षा करता** है तथा उनकी रक्षा की सुविधा और अवसर प्रदान करता है। बच्चों को स्वतंत्र और महत्तवपूर्ण अंग के रूप में समाज में स्थान दिलाता है और उनके नैतिक मनोबल को बढ़ावा देता है।

अनुच्छेद – 45 : राज्य का शिक्षा संबंधित दायित्व

इस अनुच्छेद के तहत् 14 वर्ष तक (0 से 14 वर्ष) के बच्चों को निःशुल्क, गुणात्मक प्राथमिक शिक्षा देना राज्य का कर्तव्य माना गया है।*(अब इसे संशोधित कर दिया गया है)*

अनुच्छेद – 46 : अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य दुर्बल वर्गो के लिए शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की अभिवृद्वि–

राज्य पर यह जिम्मेदारी सौंपता है कि वह दुर्बल वर्गों के बच्चों की शिक्षा तथा आर्थिक स्थिति सुधारने पर विशेष ध्यान दे।

अनुच्छेद – 47 : पोषाहार स्तर और जीवनस्तर को ऊंचा करने तथा लोक स्वास्थ्य का सुधार करने का राज्य का कर्त्तव्य–

इस अनुच्छेद के द्वारा राज्य को अपने नागरिकों के खान–पान के स्तर को ऊंचा रखने और उनके बेहतर रहन सहन की व्यवस्था का उत्तरदायित्व निर्धारित होता है।

2.2 बच्चों के संबंध में सरकार की नीति

भारत के नीति निदेशक तत्वों सिद्धांतों के अनुच्छेद 39 पर आधारित एक राष्ट्रीय बाल नीति हमारे देश में बनी है।

राष्ट्रीय बाल नीति

22 अगस्त 1974 में भारत सरकार ने बच्चों के कल्याण के लिए एक राष्ट्रीय नीति अपनाने का निर्णय लिया गया। उचित विचार विमर्श के बाद नीति में निम्नलिखित लक्ष्य रखे गए–

- देश के बच्चे एक सर्वोच्च महत्वपूर्ण संपत्ति है।
- उनकी देखभाल और चिंता करना हमारी जिम्मेदारी है।
- मानव संसाधन विकास के लिए हमारी राष्ट्रीय योजनाओं में बच्चों के कार्यक्रमों को प्रमुख स्थान मिलना चाहिए ताकि हमारे बच्चे सशक्त/मजबूत नागरिक बने और शारीरिक रूप से सक्षम, मानसिक रूप से सजग और नैतिक रूप से स्वस्थ बनें।
- हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि शारीरिक बढ़त की अवधि में बच्चों को विकास के समान अवसर मिलें क्योंकि इससे असमानता दूर करने और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने का हमारा व्यापक उद्देश्य पूरा होगा।
- बच्चों की आवश्यकताओं और उनके प्रति हमारे दायित्व संविधान में बताए गए हैं, संसद द्वारा पारित राष्ट्रीय शिक्षा संकल्प बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं के बारे में राज्य को निर्देशित करता है। राष्ट्रीय संसाधनों के विवेकपूर्ण और कुशल अपयोग से इन दस्तावेजों में बताए गए लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

2.2.1 नीति और उपाय

बच्चों का पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित करने के लिये उन्हें जन्म से पूर्व और इसके बाद तथा बढ़त की पूरी उम्र में पर्याप्त सेवाएं प्रदान करना राज्य की नीति होगी। राज्य ऐसी सेवाओं का कार्यक्षेत्र निरंतर बढ़ाता जाएगा, ताकि सुनिश्चित अवधि में देश में सभी बच्चों को उनके संतुलित विकास के लिये सर्वोत्तम परिस्थितियां मिले। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये विशेष रूप से निम्न उपाय किये जाएंगे –

1. सभी बच्चों को एक व्यापक स्वास्थ्य कार्यक्रम के दायरे में लाया जाएगा।
2. बच्चे की खुराक में कमियां दूर करने के उद्देश्य से पोषण सेवाएं देने के लिये कार्यक्रम चलाए जाएगें।
3. गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के आम स्वास्थ्य में सुधार, उनकी देखभाल, पोषण तथा उन्हें पोषण के बारे में शिक्षित करने के लिये कार्यक्रम चलाए जाएंगे।
4. राज्य 14 वर्ष की उम्र तक बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने के लिये उचित उपाय करेगा और राष्ट्रीय स्रोतों की उपलब्धता के अनुरूप, इस कार्य के लिये समयबद्ध कार्यक्रम चलाया जाएगा। स्कूलों में इस समय बच्चों की, खास तौर से लड़कियों और कमजोर वर्ग के बच्चों की, जो आबादी और उनके विकास में जो ठहराव आ रहा है, उसे कम करने के विशेष प्रयास किए जाएंगे। ऐसे ही वर्गों के बच्चे को स्कूल जाना शुरू करने से पहले अनौपचारिक शिक्षा देने का कार्यक्रम भी चलाया जाए।
5. जो बच्चे औपचारिक स्कूली शिक्षा का पूरा लाभ उठा पाने की स्थिति में नहीं है, उनकी जरूरतों के अनुरूप शिक्षा के अन्य तरीके उपलब्ध कराये जाने चाहिये।
6. स्कूलों, सामुदायिक केन्द्रों और ऐसी ही अन्य संस्थाओं में शारीरिक स्वास्थ्य शिक्षा, खेल और अन्य मनोरंजन तथा सांस्कृतिक और वैज्ञानिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा।
7. अवसरों की समानता सुनिश्चित करने के लिये कमजोर वर्गों जैसे अनुसूचित जातियों और जन जातियों के बच्चों और गांवों और शहरों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को विशेष सहायता उपलबध कराई जाएगी।
8. विपन्न सामाजिक परिस्थितियों वाले, अपराधी बन चुके, भिखारी बनने को मजबूर ओर अन्य परेशानियों में जी रहे बच्चों को शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास दिलाया जाएगा और उन्हें देश के लिये उपयोगी नागरिक बनने में मदद की जाएगी।
9. बच्चों को अपेक्षा, क्रूरता और शोषण से बचाने के लिये संरक्षित किया जाएगा।
10. चौदह वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे को जोखिम वाले कामों में लगाने की इजाजत नहीं दी जाएगी, न ही उन्हें भारी काम करने दिया जाएगा।
11. शारीरिक रूप से विकलांग, संवेगात्मक रूप से उद्वेलित और मंदबुद्धि बच्चों के विशेष उपचार, शिक्षा, पुनर्वास और देखभाल की व्यवस्था की जाएगी।
12. विपत्तियों और राष्ट्रीय आपदाओं के समय राहत सहायता देने में बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी।
13. अत्यंत प्रतिभाशाली बच्चों, खास तौर से कमजोर वर्गों के ऐसे बच्चों का पता लगाने, प्रोत्साहित करने और उनकी सहायता करने के लिये विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे।
14. वर्तमान कानूनों में इस प्रकार संशोधन किए जाएंगे ताकि सभी कानूनी विवादों में, चाहे वे माता–पिताओं के बीच हों अथवा संस्थाओं के बीच, बच्चों के हितों पर सर्वाधिक ध्यान दिया जाएगा।
15. बच्चों के लिये विभिन्न सेवाओं के आयोजन में पारिवारिक संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे ताकि सामान्य परिवार, पास–पड़ोस और समुदाय के वातावरण में बच्चों की क्षमताओं का पूर्ण विकास हो सके।

2.2.2 कार्यक्रम बनाने में प्राथमिकता

विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम बनाने में, इन क्षेत्रों से संबद्ध कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी –

(क) बच्चों के स्वास्थ्य से संबद्ध, रोगों की रोकथाम और बेहतर स्वास्थ्य के उपायों वाले पक्षों को बढ़ावा देना।

(ख) स्कूल जाना शुरू करने से पहले बच्चों और शिशुओं के पोषण के साथ–साथ गर्भवती महिलाओं और और स्तन–पान कराने वाली माताओं के पोषण के कार्यक्रम,

(ग) अनाथ और विपन्न बच्चों की देखभाल, शिक्षा और प्रशिक्षण की व्यवस्था,

(र्घ) कामकाजी अथवा बीमार माताओं के बच्चों की देखभाल के लिये बाल–गृह (क्रेच) तथा अन्य सुविधाएं तथा

(ड) विकलांग बच्चों की देखभाल, शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास की व्यवस्था।

2.2.3 राष्ट्रीय बाल बोर्ड का गठन

पिछले दो दशकों में हमने उपर्युक्त दिशाओं में सेवाएं उपलब्ध कराने में काफी प्रगति की है। स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कन्याण गतिविधियों का उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। जहां भी जीवन–स्तर ऊंचा उठा है, उससे अप्रत्यक्ष रूप से कुछ हद तक बच्चों की मूलभूत आवश्यकताएं भी पूरी हुई है लेकिन सारे काम का ऐसा केन्द्र–बिन्दु और मंच होना जरूरी है, जिसके माध्यम से बच्चों की आवश्यकताएं पूरी करने में लगी विभिन्न सेवाओं का नियोजन, समीक्षा और समन्वय हो सके। ऐसा ही केन्द्र–बिन्दु उपलब्ध कराने तथा विभिन्न स्तरों पर सभी आवश्यक सेवाओं का निरंतर नियोजन, समीक्षा और समन्वय सुनिश्चित करने के लिये राष्ट्रीय बाल बोर्ड बनाया जाएगा। राज्य स्तर पर भी ऐसे ही विभिन्न बोर्ड बनाए जा सकते है।

2.2.4 स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका

सरकार ऐसे प्रयास करेगी ताकि बाल कल्याण कार्यक्रमों के लिये पर्याप्त संसाधन जुटाए जाए और उपयुक्त योजनाएं चलाई जाएं। इसके साथ–साथ, बाल कल्याण के क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संगठनों को, स्वयं या सरकारी सहायता से, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक कल्याण सेवाओं के विकास का असर मिलता रहेगा। भारत में स्वयंसेवी कार्य की परंपरा रही है। राज्य का प्रयास स्वयंसेवी कार्य को बढ़ावा देने और मजबूत बनाने का होगा ताकि राज्य के और स्वयंसेवी प्रयास एक–दूसरे के पूरक बन सकें। बाल कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने तथा इनके विकास के लिये स्वयंसेवी संगठनो, न्यासों, कल्याणकारी तथा धार्मिक संस्थाओं के संसाधनों का हर संभव इस्तेमाल किया जाएगा।

2.2.5 विधायी और प्रशासनिक उपाय

इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये राज्य आवश्यक विधायी तथा प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराएगा। विस्तृत हो रहे कार्यक्रमों की जरूरतें पूरी करने तथा सेवाओं की कार्य कुशलता बढ़ाने के लिये अनुसंधान–कार्य तथा कार्मिकों के प्रशिक्षण की सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

2.3 संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौता 1989

बच्चों के संरक्षण और सुसंगत विकास के लिए प्रत्येक राष्ट्र की परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों का पूरा ध्यान रखते हुए प्रत्येक देश में, खास तौर से विकासशील देशों में, बच्चों के जीने की स्थितियों में सुधार के काम में अंतराष्ट्रीय सहयोग के महत्व को समझते हुए, दुनिया के 164 देशों ने संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में तैयार किए गए 54 अनुच्छेदों के मसौदे पर सभी देश सहमत हुए और 20 नवम्बर 1989 को यह 'संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौता' पारित किया गया था। इस समझौते पर, भारत सरकार ने 11 दिसम्बर 1992 को अपनी सहमति प्रदान की एवं उस दिन से समझौते के सभी प्रावधान हमारे देश में लागू है।

इस समझौते के 3 भाग हैं, जिसके भाग–1 में 1–41 अनुच्छेद हैं जिनमें बच्चों के अधिकार एवं राज्य के कर्तव्यों संबधित प्रावधान हैं। भाग–2 में 42–45 अनुच्छेद शामिल हैं जिनमें समझौते में निर्धारित दायित्वों की प्राप्ति में सफलता की जांच के लिए समिति गठन एवं समझौते में शामिल देशों द्वारा मान्य अधिकारों को लागू करने में हुई प्रगति प्रतिवेदन देने व समझौते में शामिल देशों में बाल अधिकारों के प्रभावी कियान्वयन के लिए 'समिति' द्वारा, संयुक्त राष्ट्र महासभा को सुझाव देने संबंधित प्रावधान किए गए हैं। भाग–3 में 46–54 अनुच्छेद हैं जिसमें इस समझौते पर सहमति प्रदान करने वाले देश में लागू होने, आपत्ति लगाने, समझौते को नामंजूर करने, समझौते में कोई संशोधन होने और उसके लागू होने के बारे में प्रावधान किए गए हैं।

भाग–1 में शामिल प्रमुख अनुच्छेदों में बच्चों के विभिन्न अधिकारों संबधित हमारे दायित्व–

- हमारा दायित्व है कि हम बच्चों को उनके अधिकारों से अवगत कराए {अनु. 42}
- कोई बच्चा कौन है, कहां रहता है, उसके अभिभावक क्या करते है, वह कौनसी भाषा बोलता है, किस धर्म को मानता है, वह लड़का है या लड़की, किस संस्कृति में वह पला बढ़ा है, वह विकलांग है, गरीब है या अमीर, **इन बातों को विचार में न लाते हुए, हमारा दायित्व है कि हम बच्चों को प्रदत्त अधिकारों का सम्मान करें एवं सुनिश्चित करें कि** बच्चे उन सभी अधिकारों का आनंद ले सके।{अनु. 2}
- प्रत्येक बच्चे को स्वतंत्रतापूर्वक रूपकों, विचारों को अभिव्यक्त करने का अधिकार है जिन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए और हमारा दायित्व है कि हम बच्चों को ध्यानपूर्वक सुनें {अनु. 12, 13}

- बच्चे गलतियां कर सकते हैं और हमारा दायित्व है कि हम उन्हें स्वीकार करें क्योंकि बच्चे गलतियां करके सीखते हैं। {अनु. 40}
- बच्चे की योग्यताएं चाहे जो भी हो, उसे उसी रूप में समाहित किया जाना चाहिए और हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम दूसरों की विभिन्नताओं का सम्मान करें। {अनु. 23}
- बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है और यह हमारा दायित्व है कि हम सभी बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करे। {अनु. 23, 28, 29}
- बच्चों को स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल प्राप्त करने का अधिकार है और हमारा दायित्व है कि हम बच्चों के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल व स्वच्छ जल उपलब्ध कराने में मदद करे। {अनु. 24}
- बच्चों को अच्छे पोषण का अधिकार है और हमारी यह जिम्मेदारी है कि बच्चों को भूख से बचाए। {अनु. 24}

- बच्चों को स्वच्छ वातावरण (में जीने) का अधिकार है और हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम उसे प्रदूषित न करें। {अनु. 24}
- बच्चों को खेलने और आराम (करने) का अधिकार है। हमारा दायित्व है कि बच्चों के खेल व आराम का ध्यान रखे {अनु. 31}
- बच्चों को प्यार किए जाने तथा मारपीट एवं शोषण से सुरक्षा का अधिकार है और हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम बच्चों को प्यार करे और उनकी देखभाल करे। {अनु. 19}
- बच्चे को एक परिवार और सुरक्षित व आराम दायक घर का अधिकार है। हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम बच्चों को उसके 'परिवार' और 'घर' से मिलाना सुनिश्चित करे। {अनु.9, 27}
- बच्चों को अपनी विरासत और विश्वासों पर गर्व करने का अधिकार है, हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम दूसरों की संस्कृति एवं विश्वास का सम्मान करे। {अनु. 29, 30}
- बच्चों को हिंसामुक्त तथा शारीरिक दंड रहित (मौखिक, शारीरिक, भावनात्मक) जीवन (जीने) का अधिकार है, हमारी यह जिम्मेदारी है कि वे दूसरो के प्रति हिंसात्मक न हो। {अनु. 2, 28, 37, 39}
- बच्चों को आर्थिक व लैंगिक शोषण से सुरक्षा प्रदाय किए जाने का अधिकार है। हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम सुनिश्चित करे कि किसी भी बच्चे को काम करने के लिए बाध्य न करें तथा बच्चों को मुक्त एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। {अनु. 32, 34}

संयुक्त राष्ट्र संघ समझौते में मान्य बच्चों के प्रदत्त अधिकारों को प्रमुख 4 भागों में वर्गीकृत किया गया है जो निम्नानुसार हैं–

2.3.1 *जीने का अधिकार*

- बच्चे को जन्म लेने का,
- स्वास्थ्य के उच्चतम स्तर की प्राप्ति का,
- पोषाहार पाने का
- मानव के जीवन के लिए आवश्यक उचित जीवन स्तर प्राप्त करने का
- एक नाम रखने और राष्ट्रीयता धारण करने का

जीने के अधिकार का प्रत्यक्ष संबंध किसी भी देश मे बच्चों के लिए आवश्यक मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता से है क्योकि उचित स्तर की स्वास्थ्य सुविधाओं के बगैर बच्चे का जीवन सुरक्षित नही रह सकता। यह सुविधा केवल बच्चे को ही नही अपितु उसकी मॉ को प्रसव से पूर्व व पश्चात् मिलना अत्यंत आवश्यक है।

2.3.2 *विकास का अधिकार*

- प्रत्येक बच्चे के लिए समुचित शिक्षा
- बचपन के दौरान समुचित देखभाल, सामाजिक सुरक्षा मनोरंजन तथा सांस्कृतिक गतिविधियों की व्यवस्था

विकास के अधिकार को सर्वाधिक शिक्षा से जोड़कर देखा जाता है, क्योकि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे बच्चे का मानसिक, शैक्षणिक तथा शारीरिक विकास संभव होता है। 6–14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे चाहे वह लड़का हो या लड़की, को शिक्षा निःशुल्क रूप से दी जानी चाहिए।

2.3.3 *सुरक्षा का अधिकार*

- बच्चे को शारीरिक व मानसिक हिंसा,
- चोट अथवा उपेक्षाजनक व्यवहार,
- दुर्व्यवहार, शोषण (यौन शोषण) एवं
- नशीली दवाओं का सेवन आदि समस्त प्रकार के कारणों से सुरक्षा प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त है।

2.3.4 *सहभागिता का अधिकार*

- प्रत्येक बच्चे के दृष्टिकोण के प्रति सम्मान
- विचार व्यक्त करने की आजादी
- विवेक और धर्म के प्रति सम्मान
- ऐसे अधिकार अभियुक्त बच्चों को भी प्राप्त है। ऐसी स्थिति में बच्चे से न्यायिक व प्रशासनिक कार्यवाही के दौरान, राष्ट्रीय कानून के नियमों के तहत् स्वयं या किसी प्रतिनिधि अथवा संस्था के माध्यम से अपनी बात कहने का अवसर दिया जायेगा।

संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौते का सार

- बच्चों के उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा, कुशलता और सर्वोत्तम लाभ को सर्वोपरि माना जाए
- उनकी कुशलता और उनका विकास सुरक्षित और प्रवर्तित किया जाए जिससे वे पूर्ण सशक्तता प्राप्त कर सके
- उन्हें उनकी संस्कृति, धर्म और जातीयता के संदर्भ में समझा जाए एवं महत्व और आदर दिया जाए और उपरोक्त संदर्भो व जहाँ संभव हो उनके परिवार के संदर्भ में उनकी आवश्यकताओं को पहचानकर, उनकी पूर्ति की जाए।
- उन्हें सुना जाए और उनके दृष्टिकोण को सावधानी पूर्वक महत्व दिया जाए तथा उन मुद्दों से संबंधित निर्णयों में सहभागिता के लिए उन्हें प्रोत्साहन पाने का अधिकार है जो उन्हें प्रभावित करते

2.4 *बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा संबधित प्रचलित कानून*

बच्चों के अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र संघ समझौते में 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को बच्चा माना गया है। भारत सरकार ने किशोर न्याय अधिनियम (संशोधित) 2006 लागू कर, 18 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों की सुरक्षा, देखभाल व पुर्नवास संबधित राज्य की जिम्मेवारी निश्चित की है। *किशोर न्याय अधिनियम के अलावा हमारे देश में बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने वाले अन्य कानून अलग–अलग आयु के बच्चों को सुरक्षा प्रदान करते है। जैसे बालविवाह प्रतिषेध अधिनियम 1929 (2006 में संशोधित) भी 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष के कम आयु लड़के के विवाह पर प्रतिबंध लगाता है। कारखाना अधिनियम 1952 में 16 साल से कम आयु के बच्चों को किसी कारखाने में काम पर लगाये जाने की मनाही है। बालश्रम प्रतिबंध व विनियमन अधिनियम 1986, 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से बालश्रम कराये जाने पर प्रतिबंध लगाता है। अनिवार्य व मुफ्त शिक्षा का मौलिक अधिकार अधिनियम 2009, 6–14 वर्ष तक की आयु के बच्चों को मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है। प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (विनियमन एवं दुरूपयोग निवारण) अधिनियम 1994, जो वर्ष 2003 में संशोधित करने के बाद गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिशेध) अधिनियम (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम के नाम से जाना जाता है, गर्भस्थ शिशु को सुरक्षा प्रदान करता है।*

2.4.1 बाल श्रम (निषेध एंव विनियमन) अधिनियम–1986,

यह कानून 14 साल से कम उम्र के बच्चों को खतरनाक काम (खतरनाक कामों की सूची दी गई है) में लगाने पर प्रतिबंध लगाता है एवं कानून का पालन न करने वाले (माता–पिता, कर्मचारी, नियोक्ता आदि)

को दंडित किए जाने का प्रावधान करता है। इसके अलावा यह कानून 14 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों से काम कराने वाले नियोक्ताओं पर बच्चों के पक्ष में कानूनी शर्तें लगाता है।
बच्चों को इन शर्तो पर काम पर रखा जा सकता है–

- बच्चों से 6 घंटे से ज्यादा काम नहीं कराया जा सकता है ।
- एक साथ तीन घंटे से ज्यादा काम नहीं लिया जा सकता है ।
- रात के 7 बजे से लेकर सुबह 8 बजे के बीच उनसे कोई भी काम नहीं लिया जा सकता है ।
- सप्ताह में उन्हें कम से कम एक दिन की छुटटी दी जाना चाहिए।

सजा कानून का उल्लंधन करने वाले व्यक्तियों को निम्न प्रकार की सजा दी जावेगी–

- कम से कम तीन महिने की सजा
- एक साल से अधिक की सजा के साथ 20 हजार रूपये का जुर्माना
- जुर्माना की राशि बढ़ भी सकती है

2.4.2 कारखाना अधिनियम 1948

कारखानों में 16 साल से कम उम्र के बच्चों काम कराना अपराध है। 16 से 18 वर्ष की उम्र के बच्चो से प्रशिक्षणार्थी के रूप मे काम कराना भी अपराध है। अधिनियम की धारा 99, 27 में 14 साल से कम उम्र के बच्चों को काम पर लगाना अपराध है।

सजा नियोक्ता को 500 से 1000 रूपये का जुर्माना किया जावेगा। माता पिता अथवा बच्चा जिसके संरक्षण मे काम करता है या जिसे कार्य का लाभ देता है, पर भी जुर्माना किया जा सकता है

2.4.3 मोटर परिवहन मजदूरी अधिनियम 1961

14 साल से कम उम्र के बच्चों को मोटरगाड़ी पर रोजगार में लगाना अपराध है।

सजा– **धारा 3, धारा 22, धारा 33 के तहत** नियोक्ता को 6 महीने की सजा व आर्थिक जुर्माना किया जा सकता है।

2.4.4 मजदूरी अधिनियम 1933

कोई कर्मचारी बच्चों के माता पिता से बच्चों को काम पर लगाने के लिए अनुबंध करे, दण्ड के बहाने बच्चे से मजदूरी करवाना अपराध है।

सजा धारा 3, धारा 5, धारा 6 के तहत बच्चों को काम पर लगाने में अनुबंध करने वाले नियोक्ता को 2000 रूपये का जुर्माना किया जावेगा।

2.4.5 बालक (श्रम गिरवीकरण) अधिनियम–1933

बालक श्रम को गिरवी करने के करार से आशय लिखित या मौखिक करार है, जिसके द्वारा बालक के माता–पिता या सरंक्षक कुछ राशि या सुविधा के बदले में उसे किसी को काम करने के लिए सौंपता है। इस अधिनियम में बालक का अर्थ 15 वर्ष से कम आयु का बालक है। इसके लिए बालक के माता,

पिता, संरक्षक और करार करने वाले व्यक्ति को सजा देने का प्रावधान है । बालक के श्रम को गिरवी करने का करार शून्य होगा ।

2.4.6 संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम–1890 (गार्जियन एण्ड वॅाड्‍र्स एक्ट)

माता पिता के जीवित न रहने पर या माता पिता का तलाक हो जाने पर बच्चों का लालन–पालन किसके द्वारा होगा, यह तय करने के लिए गार्जियन एण्ड वॉड्‍र्स एक्ट के नाम से कानून बनाया गया है। तलाक के बाद अगर बच्चा छोटा है तो मां को कानूनी अधिकार है कि सात साल का होने तक बच्चा उस के पास रहेगा। पांच साल की उम्र के बाद बच्चा किसे पास रहेगा इस बात का फैसला अदालत बच्चे के हित को ध्यान में रखते हुए लेगी बच्चे का हित अगर मां के पास रहने में हो तो बच्चे को मां के पास रहने दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में बच्चा चाहे पिता के पास न रहता हो तो भी पिता को उसका खर्चा पानी देना होगा। न्यायालय नाबालिग बच्चों के शरीर व संपत्ति की सुरक्षा के लिए संरक्षक नियुक्त कर सकती है जो अदालत के प्रति जवाबदार रहता है ।

2.4.7 बाल विवाह प्रतिबंध 1929 (वर्ष 2006 में संशोधित)

21 साल से कम उम्र के लड़के और 18 साल से कम उम्र की लड़की का विवाह बाल विवाह कहलाता है। ऐसा करना कानूनन जुर्म है। 18 साल से ऊपर का परंतु 21 साल से कम उम्र का लड़का यदि 18 साल से कम उम्र की लड़की से शादी करता है तो उसे 15 दिन की कैद या 100 रूपए तक का जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है। 21 साल से ज्यादा उम्र का लड़का अगर 18 साल से कम उम्र की लड़की से शादी करता है, तो उसे तीन माह की कैद और जुर्माना भी हो सकता है।

सजाः अधिनियम की धारा 4, 5 एवं 6 के तहत वर, माता–पिता या रिश्तेदार, पंडित जो भी बाल विवाह के लिए जिम्मेवार हो, 2 साल की कैद और 1 लाख रूपये का जुर्माना हो सकता है।

2.4.8 हिन्दु अवयस्कता तथा संरक्षकता अधिनियम–1950

जिस व्यक्ति की आयु 18 वर्ष से कम हो, उसकी सम्पत्ति या शरीर दोनों की देखरेख करने वाला व्यक्ति संरक्षक कहलाता है। ऐसा संरक्षक नैसर्गिक (माता–पिता), माता–पिता की इच्छा–पत्र (विल) द्वारा नियुक्त न्यायालय द्वारा नियुक्त या घोषित तथा प्रतिपाल्य अधिकरण से संबधित अधिनियम के द्वारा सशक्त व्यक्ति होता है।

क. किसी लड़के या अविवाहित लड़की की दशा में पिता और उसके पश्चात माता परन्तु पॉच वर्ष की आयु तक उसकी अभिरक्षा मामूली तौर पर माता के हाथ में होगी ।

ख. जारज लड़के या जारज कुआरी लड़की की दशा में माता और उसके बाद पिता।

ग. विवाहित लड़की की दशा में पति / *विधि विभाग*

2.4.9 हिन्दु दत्तक और भरण पोषण अधिनियम–1956

अब कोई भी हिंदु विधवा, तलाकशुदा या कुआंरी महिला किसी भी हिन्दु बच्चे को गोद ले सकती है। गोद लेने वाली महिला / पुरूष का स्वस्थ चित्त होना, उसकी उम्र कम से कम 18 वर्ष होना चाहिए।

यदि महिला शादीशुदा है तो उसका पति ही गोद ले सकता है, वह नहीं। किन्तु यदि उसका पति पागल है, हिन्दु नहीं रहा है, सन्यासी हो चुका है तो महिला को बच्चा गोद लेने की अनुमति है।

परन्तु बच्चाः–

- हिन्दु होना चाहिए, चाहे वह लड़का हो या लड़की
- पहले उसे किसी ने गोद नहीं लिया हो,
- उसकी उम्र 15 वर्ष से कम हो,

गोद लेने वाले और जिसे गोद लिया जा रहा है, उनकी आयु में 21 वर्ष का अंतर होना चाहिए

भरण पोषण

- जायज और नाजायज नाबालिग (18 साल से कम उम्र के) बच्चों को माता पिता से खर्चा मिलने का हक है।
- भरण पोषण का अर्थ भोजन, वस्त्र, आवास, शिक्षा और इलाज है।
- अविवाहित पुत्री की दशा में उसके विवाह के युक्तियुक्त व प्रसांगिक व्यय भी आते हैं

2.4.10 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम–1956

18 वर्ष से अधिक आयु का कोई व्यक्ति जो जानबूझकर (किसी अन्य व्यक्ति) की वैश्यावृत्ति की आय पर पूर्णतः या भागतः जीवन निर्वाह करेगा उसे दो वर्ष तक की जेल या जुर्माना या दोनों सजा हो सकेगी। यदि जहॉ ऐसी आय किसी बालक (16 से 18 वर्ष की आयु) की वैश्यावृत्ति से संबंधित है, वहॉ कम से कम सात साल की अवधि के लिए जेल की सजा होगी। कोई व्यक्ति वैश्यावृत्ति के लिए किसी व्यक्ति को उपाप्त (चतवबनतपदह ध् पदकनबपदह वत जांपदह) करने, उत्प्रेरित करने या ले जाने के मामले में, ऐसे मामलों में, यदि वह बालक है तो ले जाने वाले दोषी व्यक्ति को कम से कम सात साल की अवधि के लिए कठोर कारावास होगा, किन्तु जो आजीवन भी हो सकेगा। अवयस्क की स्थिति में सात से 14 साल तक की कठोर कैद की सजा हो सकेगी ।

2.4.11 किशोर न्याय अधिनियम–2006

इस कानून में 18 वर्ष तक की आयु के किसी उपेक्षित या अपचारी किशोर (लड़का या लड़की) को बोर्ड या किशोर न्यायालय के आदेश पर किशोर गृह, विशेष गृह या संप्रेक्षण गृह में रखकर उनके पालन पोषण, संरक्षण, देखभाल, शिक्षण प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाती है ।

महत्वपूर्ण धारांए

धारा 21ः – इस अधिनियम के अंतर्गत विधि के साथ विरोध में किशोर की किसी जांच को समाचार पत्र पत्रिका या दृश्य के माध्यम से कोई भी रिर्पोट, किशोर का नाम, पता या विद्यालय का नाम या उस बालक की तस्वीर को प्रकाशित करता है तो उसे 25 हजार तक का जुर्माना हो सकता है। (संशोधित अधिनियम, 2006)

धारा 23ः– किशोर या बालक के प्रति क्रूरता करने के लिए दण्ड– अगर कोई भी किसी किशोर या बालक को अनावश्यक मानसिक या शारीरिक कष्ट पहुॅचाता है, किशाोर पर हमला, परित्याग करता है उसे छः महीने के कारावास, या जुर्माने से, या दोनों से दण्डित किया जाएगा।

धारा 24ः – भीख मांगने के लिए किशोर या बालक का नियोजन– यदि कोई किसी बच्चे से भीख मंगवाता है, तो उसे एक साल तक की सजा या जुर्माना देय होगा।

धारा 25ः – बालक या किशोर को मादक शराब या स्वापक औषधि या मनःप्रभावी पदार्थ देने के लिए शास्ति– अगर कोई व्यक्ति किसी बच्चे को किसी लोक स्थल में शराब या किसी स्वापक औषधि को देता है तो उसे एक वर्ष या अधिक का कारावास या जुर्माना हो सकता है।

धारा 26ः – किशोर या बालक कर्मचारी का शोषण– अगर कोई भी व्यक्ति किसी बच्चे से जबरदस्ती या उसकी मर्जी के बिना काम करवाता है तो उसे तीन वर्ष तक का कारावास अथवा जुर्माना देना होगा।
धारा 27ः – विशेष अपराध– धारा 23, 24, 25, 26 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध संज्ञेय होंगे।

पुलिस विभाग हेतु दिशा निर्देश

क्र0	क्या करें	क्र0	क्या न करें
1	पुलिस अधिकारी किशोरों को अभिरक्षा में लेने के सिवाय, केवल सादे वस्त्र न कि यूनीफार्म पहनेगें। नियम 41 5 (ज)	1	लिखित में एवं बोलचाल में रिमाण्ड, आरोपी, चार्जशीट, फरार, अपराधी, बच्चा जेल के उपयोग से बचा जावे।
2	विधि का उल्लंघन करने वाले किशोर को पुलिस द्वारा अभिरक्षा में लेते ही उसे विशेष किशोर पुलिस एकक या अभिहित पुलिस अधिकारी के प्रभार में रखा जावेगा। धारा 10 (1)	2	विधि का उल्लंघन करने वाले किशोर हेतु अपचारी बालक शब्द का उपयोग न किया जावे।
3	जहां कोई किशोर गिरफ्तार किया जाता है उस थाने का या विशेष किशोर पुलिस एकक का भारसाधक अधिकारी तत्काल किशोर के माता पिता, संरक्षक एवं संबंधित परिवीक्षा अधिकारी को सूचना देगा। धारा 13 (क) (ख)	3	किसी भी परिस्थिति में किशोर को थाने की जेल में निरुद्ध न किया जायेगा। नियम 10 (2)
4	ऐसे किशोर को जो जमानतीय या अजमानतीय अपराध में लिप्त हो, को गिरफ्तार या निरुद्ध किया जाता है। अगर बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया है तब किशोर को प्रतिभूति सहित या रहित जमानत पर छोड़ा जावेगा। धारा (12)	4	परंतु यदि किशोर को उस परिस्थिति में जबकि जमानत पर छोड़ने में उसका संपर्क किसी अपराधी से होने अथवा नैतिक, शारीरिक का मनोवैज्ञानिक रूप से शोषण होने की संभावना हो जमानत पर नहीं छोड़ा जावेगा। धारा (12)
5	पुलिस अभिरक्षा में लेने के पश्चात् किशोर को सक्षम अधिकारी के समक्ष 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत किया जावेगा। विलंब की दशा में ऐसा नही करने संबंधी ब्यौरे पुलिस दैनदिनी समस्त डायरी में उल्लिखित किया जावेगा। नियम 9 (6)	5	किशोर को विशेष किशोर पुलिस एकक या अभिहित पुलिस अधिकारी के प्रभार में लेने के पश्चात् उस थाने के थाना प्रभारी कोई हस्तक्षेप नही करेंगे।
6	किशोर की तलाशी में प्राप्त राशि/वस्तुओं को पंजी में दर्ज किया जाये तथा बालिकाओं की तलाशी	6	किसी भी परिस्थिति में किशोर को हथकड़ी नहीं लगायी जावेगी। नियम 10 (3)

क0	क्या करें	क0	क्या न करें
	महिला पुलिस द्वारा की जावे।		
7	किशोर संप्रेक्षण गृह में प्रवेशित कराने तक विशेष पुलिस एकक या पुलिस किशोर की सुरक्षा एवं सलामती हेतु उत्तरदायी होगी। नियम 9 (10)	7	विधि का उल्लंघन करने वाले किसी किशोर के बारे में किसी जांच की रिपोर्ट, किशोर का नाम, पता, फोटो विद्यालय का पता या अन्य जानकारी किसी समाचार पत्र, पत्रिका या दृश्य माध्यम से प्रकाशित नहीं की जायेगी। धारा–21 (1)
8	विशेष गृह या संप्रेक्षण गृह से निकल भागे किसी विधि का उल्लंघन करने वाले किशोर को कोई पुलिस अधिकारी बिना वारंट के प्रभार में ले सकेगा तथा यथास्थिति उसी विशेष गृह/संप्रेक्षण गृह या उस व्यक्ति जिसकी देखरेख में वो था को वापस किया जायेगा तथा किशोर के विरूद्ध ऐसे से भाग निकलने के कारण कोई कार्यवाही संस्थित नही की जाएगी। धारा–22	8	पुलिस द्वारा गिरफ्तार किऐ गये किसी किशोर को उसकी पसंद के किसी व्यक्ति को फोन पर या अन्यथा बुलाने के उसके अधिकार को पूरा करने के लिए समस्त संभव सहायता दी जायेगी। नियम 9 (8)
9	किशोर को ऐसे किसी वयस्क व्यक्ति के साथ किसी अपराध के लिए आरोपित या विचारित निर्धारित नहीं किया जायेगा। धारा 18 (1)	9	किशोर को किसी भी प्रकरण में संस्वीकार (कन्फेस) करने या परिसाक्ष्य देने के लिए बाध्य या यातना नहीं दी जावेगी। नियम 9 (9)
10	संबंधित पुलिस अधिकारी बालक के मित्र की भूमिका निभायेगा तथा बालक के संबंध में पुलिस इकाई के सामाजिक कार्यकर्त्ता के साथ घनिष्ट सामंजस्य से कार्य करेगा। नियम 9(3)	10	किसी भी स्थिति में बालक को अनावश्यक रुप में नहीं रखा जा सकेगा तथा शीघ्रातिशीघ्र संप्रक्षण गृह में प्रवेशित कराया जायेगा।

2.4.12 गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिशेध) अधिनियम (पीसीपीएनडीटी) 2003

प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (विनियमन एवं दुरूपयोग निवारण) अधिनियम 1994, जो वर्ष 2003 में संशोधित करने के बाद गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिशेध) अधिनियम (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम के नाम से जाना जाता है, गर्भस्थ शिशु को सुरक्षा प्रदान करता है। भुण के लिंग चयन पर प्रतिबंध लगाता है।

सजा– कोई भी व्यक्ति जो की प्रावधानों का उल्लंधन करेगा उसे तीन वर्ष तक का कारावास व दस हजार रूपए तक का जुर्माना किया जा सकता है। साथ ही गर्भवती महिला को उसके पति या

रिश्तेदार द्वारा प्रसूति पूर्व जांच के लिए विवश करने पर उन्हें भी इतनी ही सजा हो सकती है। इस अधिनियम के तहत राज्य शासन द्वारा संचालक लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सक्षम अधिकारी बनाया गया है।

2.4.13 शिशु दुग्ध अनुकल्प, पोषण, बोतल और शिशु खाद्य (उत्पादन प्रदाय और वितरण विनियमन) अधिनियम–1992

<u>कोई भी व्यक्ति</u>

क. शिशु दुग्ध अनुकल्प या पोषण बोतलों के वितरण, विक्रय या प्रदाय के लिए विज्ञापन नहीं करेगा या किसी विज्ञापन के प्रकाशन में भाग नहीं लेगा।

ख. किसी भी रीति से ऐसी धारणा या विश्वास पैदा नहीं करेगा कि शिशु दुग्ध अनुकल्प का पोषण माता के दूध के समान या उससे बेहतर है।

ग. ऐसी वस्तुओं के उपयोग या बिक्री बढ़ाने में भाग नहीं लेगा।

2.4.14 मानवाधिकारों का संरक्षण अधिनियम 1993

मानवाधिकारों की रक्षा के लिए नागरिकों के लिए व्यवस्था दी गई है। विभिन्न प्रावधान बनाए गए है। इस कानून में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नागरिकों के मानवाधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए आयोग की जिम्मेवारी एवं नागरिक सहायता पाने के बारे में प्रावधान हैं।

2.4.15 जनशिक्षा अधिनियम 2002

मध्यप्रदेश में शिक्षा के संवैधानिक प्रावधान को कार्यान्वित करने के लिए वर्ष 2002 में जनशिक्षा अधिनियम लागू किया गया जिसके नियम वर्ष 2003 में जारी किए गए। यह अधिनियम 5–14 आयु समूह के बच्चों के लिए निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा, बच्चों व शिक्षकों के अधिकार, प्रायमरी व मिडिल स्कूलों तक सभी बसाहटों के बच्चों की पहुंच, आरंभिक शिक्षा एवं स्कूल संचालन में पालकों की जिम्मेवारी संबधित प्रावधान हैं। यह अधिनियम बच्चों के साथ शिक्षकों के मैत्रीपूर्ण संबंध बनाने एवं शारोरिक दंड की वर्जना पर जोर देता है।

2.4.16 अनिवार्य व निःशुल्क बाल शिक्षा अधिकार कानून 2009

6–14 आयु के बच्चों को अनिवार्य व मुफ्त शिक्षा के मौलिक अधिकार संबधित यह अधिनियम वर्ष 2009 में कानून पारित किया गया एवं फरवरी 2010 में अधिसूचना जारी की गई। अब यह कानून मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में 1 अप्रैल 2009 लागू है। इस कानून में मूलतः बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार, स्कूली व्यवस्था के संचालन के तरीकों, समानतायुक्त व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षकों के बच्चों के प्रति कर्तव्य, उनकी नियुक्ति, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निजी स्कूलों में सरकारी खर्च पर कक्षा–8 तक की शिक्षा पाने संबधित प्रावधान है। यह अधिनियम बच्चों को शारीरिक दंड से बचाता है एवं स्कूल में केपीटेशन फी पर प्रतिबंध लगाता है। सभी बच्चों को कक्षा 8 तक की शिक्षा पूरी करने तक (उम्र भले ही 18 वर्ष हो जाय) स्कूल में दर्ज रहने की गारंटी देता है।

2.4.17 द पर्सन विथ डिसएबीलिटी एक्ट 1995

(समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण एवं पूरी सहभागिता कानून)
यह कानून में कानून विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों की पहचान, आम व्यक्तियों की भांति विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों को रोजगार के अवसर, विभिन्न संस्थाओं में दी जाने वाली सुविधा स्थापित

करने एवं केंद्र व राज्य स्तर पर सरकार की जिम्मेवारी तय करता है। कानून का मकसद है कि विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा में शामिल होने एवं पूरी सहभागिता के अवसर मिले। उन्हें निर्बाध रूप से शिक्षा ग्रहण करने, आगे बढ़ने और रोजगार के अवसर देने की गांरटी करता है। आम व्यक्तियों के लिए सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं में, उनके लिए निश्चित हिस्सा आरक्षित करता है।

2.5 बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जिम्मेवार संस्थांए व विभाग

2.5.1 महिला व बालविकास विभाग

विभाग की प्रमुख भूमिका

- प्रदेश की महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक स्वास्थ्य व पोषण की स्थिति में सुधार लाना ।
- 0 से 6 वर्ष आयु के बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास तथा स्वास्थ्य व पोषण की स्थिति में सुधार लाना, कुपोषण से बचाना

- महिलाओं के संवैधानिक हितों को सुरक्षित रखना, महिलाओं के कल्याण, सुरक्षा से संबंधित कानूनों एवं विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना
- प्रदेश में विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं व बच्चों के सर्वांगीण विकास से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में समन्वयक की भूमिका निभाना ताकि योजना का लाभ हितग्राहियों तक पहुंच सके

2.5.2 स्कूल शिक्षा विभाग

विभाग की प्रमुख भूमिका

5–14 आयु समुह के बच्चों की निःशुल्क शिक्षा के लिए स्कूल स्थापित करना, शिक्षकों की व्यवस्था करना, शिक्षकों का प्रशिक्षण, बच्चों के मूल्यांकन की व्यवस्था, एवं सभी बच्चों को शाला में नामांकित करना। बच्चों को छात्रवृत्ति, छात्रावास की व्यवस्था करना, स्कूलों का पर्यवेक्षण करना, स्कूलों का वातावरण समावेशी बनाना और सभी प्रकार के भेदभाव रोकने के लिए समुदाय एवं संस्था स्तर पर संवेदनशीलता बढ़ाना।

2.5.3 सामाजिक न्याय विभाग

विभाग की प्रमुख भूमिका

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विभिन्न उपकरण, पेंशन, छात्रवृत्तियों का प्रबंध करना। किशोर न्याय अधिनियम को लागू कराना, 18 वर्ष तक की आयु के किसी उपेक्षित या अपचारी किशोर (लड़का या लड़की) को बोर्ड या किशोर न्यायालय के आदेश पर किशोर गृह, विशेष गृह या संप्रेक्षण गृह में रखकर उनके पालन पोषण, संरक्षण, देखभाल, शिक्षण प्रशिक्षण की व्यवस्था

2.5.4 स्वास्थ्य विभाग

विभाग की प्रमुख भूमिका

स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, इलाज, 0–5 आयु के बच्चों का टीकाकरण, स्वास्थ्य शिक्षा एवं मातृ व शिशु जिविता में वृद्धि के लिए आवश्यक सेवांए प्रदान करने, भ्रूण परीक्षण को निरूत्साहित करने, सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने संबधित सेवांए प्रदान करने, रोग प्रतिबंधात्मक उपायों एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए जागरूकता बढ़ाने तथा परिवार कल्याण कार्यक्रम का संचालन करना।

2.5.5 श्रम विभाग

विभाग की प्रमुख भूमिका

14 साल से कम उम्र के बच्चों को मजदूरी में लगाने से रोकना, बालश्रमिक व बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराना एवं उनका पुर्नवास करना। बालश्रम उन्मूलन हेतु बालश्रमिक बच्चों के लिए स्कूलों का संचालन करना। इंडस परियोजना के तहत स्कूलों का संचालन कराना, बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करना। संनिर्माण मजदूरों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करना एवं शिक्षा का प्रोत्साहन करना। राष्ट्रीय बालश्रमिक पुर्नवास परियोजना अंतर्गत स्कूलों का संचालन करना।

2.5.6 पुलिस विभाग

किशोर पुलिस ईकाई का गठन करना एवं 18 वर्ष से कम आयु के अनाथ, लावारिस, स्टीट चिल्ड्रन, हिंसा प्रभावित बच्चे, अपचारी, उपेक्षित व विकलांग बच्चों को ढूंढना एवं अपनी बाल कल्याण समिति के सामने प्रस्तुत करना। बंधुआ, बालश्रमिक बच्चों को मुक्त कराना एवं उनके पुनर्वास के लिए उन्हें संबधित संस्थाओं को सौंपना। किशोर बोर्ड के फैसले फैसले व सलाह पर बच्चों की घर वापसी/मां–बाप से मिलान की व्यवस्था करना।

2.5.7 न्यायालय

बच्चों के शोषण, भ्रूण परीक्षण, अनैतिक बाल व्यापार, कार्पोरल पनिशमेंट या बच्चों के किसी अधिकार की उपेक्षा के मामले संज्ञान में आने पर, जिम्मेवार संस्थाओं को कर्तव्य का स्मरण कराना एवं बच्चों के पक्ष में समुचित व्यवस्था बनाए जाने के लिए कानूनी आदेश जारी करना।

2.5.8 ग्रामीण विकास विभाग

प्राथमिक व मिडिल शालाओं में दर्ज बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का संचालन, मजदूरपेशा परिवारों के लिए आर्थिक आमदनी में वृद्धि के लिए '**मनरेगा**' का क्रियान्वयन, इंदिरा आवास योजना, पेयजल व स्वच्छता मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने में सहयोग। विभाग द्वारा स्कूल व आंगनवाड़ी में शौचालय का निर्माण, सामुदायिक व गरीब परिवारों मे शौचालयों के निर्माण का काम कराया जाता है जिससे बच्चों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। ग्रामीण विकास विभाग मुख्यतः गरीब परिवारों की आर्थिक दशा सुधारकर बच्चों को परिवार में भरपूर भोजन, बालश्रम से बचाकर आराम तथा विकास के अवसर, स्कूल व आंगनवाड़ी में नामांकन को सुनिश्चित करने के लिए अनूकूल परिस्थिति निर्माण करने का काम करता है। महिलाओं के स्वसहायता समूहों के सशक्तिकरण की व्यवस्था करता है। महिला समूहों के सशक्त होने से बच्चों को विकास के पूरे अवसर मिलने की परिस्थितियां निर्मित होती है।

2.5.9 अनूसूचित जाति व जनजाति विभाग

विभाग की प्रमुख भूमिका

स्कूल जाने योग्य गरीब बच्चों के लिए छात्रावास, आश्रम शाला का निर्माण संचालन, छात्रवृत्ति प्रदाय करना, बालिकाओं के लिए साइकिल प्रदाय करना, उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना, शैक्षिक भ्रमण, अनूसूचित जाति व जनजाति के लोगों पर अत्याचारों की रोकथाम करना, प्रभावितों को आर्थिक सहायता प्रदान करना, कानूनी सहायता दिलाना

2.5.10 राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग

प्रमुख भूमिका

विभिन्न राज्यों में 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों की सुरक्षा, देखभाल व विकास की स्थिति की समीक्षा, सरकारी नीतियों एवं कानूनों में बच्चों के हितों के संरक्षण हेतु ठोस प्रावधान बनाने, बजट उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न मंत्रालय व विभागों में पैरवी एवं अनुशंसा करना। विभिन्न राज्यों में बच्चों के अधिकारों की उपेक्षा, बच्चों पर अत्याचार संबधित शिकायतों को सुनना एवं सुनवाई कर बच्चों के हित में व्यवस्था देना।

2.5.11 राज्य बालअधिकार संरक्षण आयोग

प्रमुख भूमिका

